आई टी एल पब्लिक स्कूल
पूर्व सामयिक परीक्षा 1 (2026-27)
विषय- हिंदी

दिनांक ः
उत्तर कुंजी

समय ः 1 घंटा — कक्षाः पंचम

नाम ः ------ — अनुक्रमांक ः ---

सामान्य निर्देश- 1)इस अभ्यास -पत्र में 2 पृष्ठ , 4 भाग और कुल 7 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क -पठन कौशल | |
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br>सफ़ाई और स्वच्छता दोनों बहुत मिलते -जुलते शब्द हैं। स्वच्छता प्रायः भोजन, जल, फल, सब्ज़ी , मिठाई आदि खाने- पीने के पदार्थों से संबंध रखती है, जबकि सफ़ाई हमारे घरों से , आस -पास के वातावरण से तथा कपड़ों और वस्तुओं आदि से संबंध रखती है। सफ़ाई और स्वच्छता रखना व्यक्ति का न केवल अपने हित के लिए सबसे बड़ा कर्तव्य है ,बल्कि समाज और देश के लिए भी इनका भारी महत्त्व है। कुछ वर्ष पहले दिल्ली और उसके आस-पास के क्षेत्रों में डेंगू रोग आतंक की तरह फैल गया था। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर - घर में कूलरों की जाँच का अभियान चलाया गया था और जनता से आग्रह किया गया था कि इस भयानक रोग से बचने के लिए अपने घरों तथा पास-पड़ोस में विशेष सफ़ाई और स्वच्छता रखें। स्पष्ट है कि सफ़ाई -स्वच्छता और स्वास्थ्य का परस्पर गहरा संबंध है। गंदगी सभी रोगों की जड़ है। गंदगी से ही हैज़ा, प्लेग, डेंगू आदि बीमारियाँ फैलती हैं। | |
| (अ) | दिल्ली में कौन-सा रोग आतंक की तरह फैल गया था?<br>(क) हैजा (ख)डेंगू (ग) बुख़ार (घ) पीलिया | |
| (ब) | स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर - घर में किसकी जाँच का अभियान चलाया गया था?<br>(क) कूलर (ख) रसोई (ग) ए सी (घ) नालियाँ | |
| (स)<br>उत्तर | सभी रोगों की जड़ क्या है और इससे कौन- कौन सी बीमारियाँ फैलती है?<br>गंदगी सभी रोगों की जड़ है। गंदगी से ही हैज़ा, प्लेग, डेंगू आदि बीमारियाँ फैलती हैं। | |
| (द)<br>उत्तर | हर व्यक्ति का सबसे बड़ा कर्त्तव्य क्या है?<br>सफ़ाई और स्वच्छता रखना व्यक्ति का सबसे बड़ा कर्तव्य है। | |
| | भाग ख भाषा कौशल | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।<br>(क) रोहन को बगीचे की हरियाली बहुत पसंद आई।<br>रोहन -व्यक्तिवाचक संज्ञा<br>बगीचे -जातिवाचक संज्ञा<br>हरियाली - भाववाचक संज्ञा<br>(ख) सभी पर्वतों की सुंदरता देखकर दंग रह गए।<br>पर्वतों - जातिवाचक संज्ञा<br>सुंदरता - भाववाचक संज्ञा | |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाएँ।<br>(क) मित्र -मित्रता (ख)प्यासा-प्यास | |
| प्रश्न 4 | रेखांकित शब्दों के विलोम लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) अवनति करने के लिए दिन- रात काम करना पड़ता है।<br>(क) उन्नति करने के लिए दिन- रात काम करना पड़ता है।<br>(ख)नास्तिक लोग ईश्वर में विश्वास रखते हैं।<br>(ख)आस्तिक लोग ईश्वर में विश्वास रखते हैं। | |
| | भाग ग -साहित्य कौशल | |
| प्रश्न 5 | दिए गए पद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>तू सुख से सोई होगी पर<br>मुझको नींद नहीं आई।<br>परी कथाएँ पढ़ते-पढ़ते<br>बड़ी देर से सो पाई | |
| (क) | यह पंक्तियाँ कौन-सी कविता से ली गई है?<br>यह पंक्तियाँ 'किरन' कविता से ली गईहै। | |
| (ख) | इसके कवि कौन हैं?<br>निरंकार देव सेवक। | |
| (ग) | वालिका क्या पढ़ते-पढ़ते सो गई ?<br>वलिका परी कथाएँ पढ़ते-पढ़ते सो गई । | |
| प्रश्न 6<br>(क) | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दें।<br>क्या राजा को प्रायश्चित करने के बाद सिंहासन पर बैठने का अधिकार मिलना चाहिए था? | |

| | | |
|---|---|---|
| | कारण बताकर स्पष्ट कीजिए। <br> उत्तर राजा को प्रायश्चित करने के बाद सिंहासन पर बैठने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए था क्योंकि राजा ने प्रत्येक बार किसी न किसी मूर्तिके कहने पर ही अपने द्वारा की गई बुराइयों का प्रायश्चित किया था। छल और कपट उसके अंदर अभी भी विद्यमान था। | |
| (ख ) | चौथी मूर्ति सिंहासन के साथ आकाश में क्यों उड़ गई? <br> उत्तर चौथी मूर्ति सिंहासन के साथ आकाश में इसलिए उड़ गई क्योंकि राजा मूर्ति के कहे अनुसार अपने पापों का प्रायश्चित करने के बजाय जबरदस्ती सिंहासन पर बैठने का प्रयास कर रहा था। | |
| | भाग घ -लेखन कौशल | |
| प्रश्न 7 | दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें। <br> पुस्तकालय अथवा हमारा राष्ट्रीय ध्वज <br> छात्र अपनी रचनात्मकता से स्वयं लिखेंगे। | |

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/